डा. विनय पटेल को मिला बेस्ट रिसर्चर अवार्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में शिक्षक दिवस पर तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने डा. विनय कुमार पटेल को बेस्ट रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया। साथ ही अखिलेश सिंह, डा. राजेंद्र कुमार भारती, डा. आशीष बगवाड़ी, हिमांशी राठौर व डा. कपिल कालरा को बेस्ट टीचर्स अवार्ड प्रदान किया।

सम्मान समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि शिक्षक को अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए और छात्रों को शिक्षक का हमेशा सम्मान करना चाहिए। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि शिक्षकों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि आप समाज को ज्ञान देने का काम कर रहे हैं। जीवन में हमें औपचारिक रूप से मिलने वाले गुरुओं का आभार व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने विवि से संबद्ध सभी संस्थानों के शिक्षक से आह्वान किया कि वे अपने शैक्षिक कार्यों के प्रति जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से पूर्ण करें। इस मौके पर यूटीयू के वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल आदि मौजूद रहे।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि में शिक्षक दिवस के अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल शिक्षक कुमारी हिमांशी राठौर को सम्मानित करते हुए। साथ हैं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . ओंकार सिंह ● साभार, संस्थान